
**सुविचार**

शिक्षा की जड़ेंकड़वी होती हैं लेकिन फल मीठा होता है।
अरस्तु



**तापमान** डिग्री सेल्सियस

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 42.0 |
| न्यूनतम | 26.0 |
| सूर्योदय | 05.25 |
| सूर्यास्त | 06.42 |

वर्ष : 03 अंक : 82 लखनऊ, रविवार 05 मई 2024 www.dailyjantaconnection.com EMail:jcnews240@gmail.com पृष्ठ : 4 , मूल्य : 1.00 रुपए

हिन्दी दैनिक

# जनता कनेक्शन




# कानपुर में मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

जनता कनेक्शन

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कानपुर में भव्य रोड शो किया। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कानपुर और अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र की सात विधानसभाओं से होकर गुजरे। प्रधानमंत्री जीटी रोड गुमटी के कीर्तनगढ़ गुरुद्वारा पहुंचे। यहां पर सबसे पहले उन्होंने गुरुद्वारा में मत्था टेका । रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाड़ी के बाहर से लोगों का अभिवादन किया। पीएम मोदी के आगमन पर मुस्लिम महिलाएं भी स्वागत करने पहुंची। इन मुस्लिम महिलाओं ने तीन तलाक को सबसे बेहतर फैसला बताया। इन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को मजबूती मिली। चकेरी एयरफोर्स एयरपोर्ट से हरजेंद्र नगर होते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला रामादेवी की ओर रवाना हो गया है। सभी विधायक, भाजपा नेता साथ में मौजूद रहे।








## मोदी के रोडशो में उमड़ा जन सैलाब, गूंजे जय श्रीराम के नारे

कानपुर 04 मई (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कानपुर और अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र की सात विधानसभाओं में भव्य रोड शो में हिस्सा लिया और इस दौरान हजारों की संख्या में लोग अपने लोकप्रिय नेता की एक झलक पाने को आतुर नजर आये। प्रधानमंत्री के लिए रोड शो में आये लोगों में पुरूषों के साथ साथ महिलाओं और बच्चों में भी गजब का उत्साह देखने को मिला।

प्रधानमंत्री जब चकेरी एयरफोर्स एयरपोर्ट पहुंचे तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अन्य गणमान्यों के साथ उनका स्वागत किया।

# एयरफोर्स के काफिले पर आतंकवादी हमला

जम्मू-कश्मीर एयरफोर्स के वाहनों के काफिले पर हुए आतंकवादी हमले में 5 जवान घायल हो गए. हमले के बाद राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है. घायल जवानों को आगे के इलाज के लिए हवाई मार्ग से कमांड अस्पताल उधमपुर ले जाया गया है. सुरक्षा बलों के अधिकारियों के अनुसार कुछ सैन्यकर्मियों को चोटें आई हैं. काफिले के वाहनों को शाहसितार के पास एयर बेस के अंदर सुरक्षित कर दिया गया है. अधिकारियों ने कहा कि सुरनकोट के सनाई गांव में गोलीबारी की सूचना के बाद सेना और पुलिस के जवानों को प्रभावित इलाके में भेजा गया है.

भारतीय वायु सेना ने एक बयान जारी किया बताया, जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शाहसितार के पास आतंकवादियों द्वारा भारतीय वायु सेना के वाहन काफिले पर हमला किया गया. वर्तमान में स्थानीय सैन्य इकाइयों द्वारा क्षेत्र में घेराबंदी और तलाशी अभियान जारी है. काफिले को सुरक्षित कर लिया गया है, और आगे की जांच जारी है.

पुंछ में भारतीय वायुसेना के वाहनों के काफिले पर हुए आतंकी हमले पर जम्मू-कश्मीर के पूर्व डिप्टी सीएम और बीजेपी नेता कविंदर गुप्ता ने कहा, जानकारी मिली है कि पुंछ में भारतीय वायुसेना के वाहनों के काफिले पर आतंकियों ने हमला किया है. इलाके को घेर लिया गया है. चुनाव के दौरान, यह स्वाभाविक है कि पाकिस्तान द्वारा भेजे गए लोग घुसपैठ करने और माहौल खराब करने की कोशिश करेंगे. जो लोग इस हमले के पीछे हैं उन्हें जल्द से जल्द पकड़ने और ऐसे हमलों को निष्प्रभावी करने की जरूरत है.

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर वहां से हथियार और गोला-बारूद बरामद किये.




# संक्षिप्त समाचार

## दो राजनीतिक दलों व तीन निदर्लियों के नामांकन त्रुटि के चलते निरस्त

जालौन । उत्तरप्रदेश के जनपद जालौन में पांचवें चरण कर नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच के बाद दो राजनीतिक पार्टियों के तथा तीन निर्दलीयों के नामांकन पत्र त्रुटि के चलते निरस्त कर दिए गए।

रिटर्निंग ऑफिसर राजेश कुमार पांडे , सहायक रिटर्निंग ऑफिसर संजय सिंह एवं सुरेश पाल ने बताया कि आज नामांकन कक्ष में नामांकन पत्रों की जांच के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी नागेंद्र कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमलता वर्मा एवं निर्दलीय प्रत्याशी बृजमोहन का नामांकन पत्र सही पाया गया वही अल हिंद पार्टी के प्रत्याशी गंगा सिंह एवं राष्ट्रवादी भारत पार्टी के प्रत्याशी बृज बिहारी के अलावा तीन निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन पत्र त्रुटि के कारण निरस्त कर दिए गए।

रिटर्निंग ऑफिसर राजेश कुमार पांडे ने बताया 6 मई तक नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख है। नामांकन पत्र वापस होने के बाद उसी दिन चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए जाएंगे।

## नहर में नहाने गये चार दोस्त डूबे

मैनपुरी । उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के किशनी थाना क्षेत्र में शनिवार को नहर में नहाने गए चार दोस्त नहर में नहाते समय डूब गए। एक को किसान ने पानी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया जबकि अन्य की खोज गोताखोरों की मदद से शुरू कर दी गयी है। पुलिस के अनुसार कुसमरा कस्बा विष्णु पाण्डेय(18) पुत्र रामगोविंद पाण्डेय , पार्थ उर्फ अक्की दीक्षित(17) पुत्र अनिल दीक्षित , यश गुप्ता (19) पुत्र राजीव गुप्ता व सक्षम गुप्ता (17) पुत्र स्व. अमित गुप्ता बाइक से नहर में नहाने गए थे।बाइक नहर के किनारे खड़ी कर चारों युवक नहर में कूद गए।पानी के तेज बहाव में चारों डूबने लगे। एक की आवाज सुनकर पास के खेत में काम कर रहे एक किसान ने उसे पानी से निकाल लिया। जिसकी जान बची उसका नाम सक्षम है।

घटना की जानकारी होने पर पुलिस व परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने स्थानीय गोतोखोरों को बुलाकर तीनों युवकों की तलाश शुरू करा दी। समाचार लिखे जाने तक तीनों युवकों का कुछ पता नहीं चल सका है।

## चार करोड से अधिक के मादक पदार्थ बरामद

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के ककोड़ टीम एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम ने दो तस्करों को शनिवार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार करोड रुपए से अधिक धनराशि के मादक पदार्थ जब्त किये ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि आज तड़के बुलंदशहर जिले के खुर्जा झज्जर रोड स्थित क्यांश रेस्टोरेंट पर पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने छापामारी की जिसमें दो ड्रग तस्कर पुलिस की पकड़ में आए। इनके कब्जे से 17 कुंतल 11 किलो 40 ग्राम डोडा पोस्ट मादक पदार्थ बरामद हुआ है।

एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर तौफीक व इमरान बरेली जनपद के रहने वाले हैं। यह दोनों झारखंड से मादक पदार्थ लाकर दिल्ली एवं एनसीआर सहित आसपास के क्षेत्र में इसकी तस्करी करते थे। पुलिस ने शनिवार को दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया।

## मोदी के रोड शो के लिये अयोध्या तैयार

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी के पक्ष में पांच मई को रोड शो करेंगे। भाजपा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच मई को फैजाबाद संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी एवं सांसद लल्लू सिंह के चुनाव प्रचार में अयोध्या धाम के सुग्रीव किला से लता चौक तक शाम साढ़े पांच बजे से रोड शो करेंगे। रामपथ मार्ग पर करीब दो किलोमीटर के रोड शो को 40 ब्लाकों में बांटा गया है। रोड शो के दौरान जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम भी सम्पन्न कराया जायेगा। प्रधानमंत्री पांच मई को शाम पांच बजे के करीब महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचेंगे। उनका रोड शो अयोध्या धाम के सुग्रीव किला से लता मंगेशकर चौक तक होगा।

यहां से वह रामपथ के लिए आगे बढ़ेंगे। करीब दो किलोमीटर दूरी तय करेंगे उसके बाद श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर में रामलला के दरबार में साष्टांग दंडवत कर आशीर्वाद भी लेंगे। भाजपा के सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भव्य स्वागत पूरे रास्ते में पुष्प वर्षा से किया जायेगा। संत-महंतों और बटुकों की ओर से शंखध्वनि करते हुए अगवानी की जायेगी। उन्होंने बताया कि पीएम के आगमन को ले करके पूरी तैयारियां कर ली गयी हैं। चार सौ बूथों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा जनसम्पर्क अभियान चलाकर लोगों को प्रधानमंत्री के रोड शो के लिये आमंत्रित किया है।

इस अवसर पर सांसद लल्लू सिंह, नगर निगम के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, नगर निगम के पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने जनसम्पर्क अभियान चलवाया। अयोध्या विधायक वेदप्रकाश गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन से पहले चलने वाला स्वच्छता अभियान समाज में एक संदेश देने का कार्य करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अयोध्या धाम में रोड शो कर फैजाबाद संसदीय क्षेत्र के साथ अम्बेडकरनगर संसदीय क्षेत्र और बाराबंकी संसदीय सीट पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि यह रोड शो भारतीय जनता पार्टी की ओर से किया जा रहा है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह दूसरा रोड शो होगा। इसके पहले तीस सितम्बर 2023 को भी उन्होंने रोड शो किया था। इसी के साथ महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का लोकार्पण करते हुए जनसभा को भी सम्बोधित किया था।

# भारत, रामकृष्ण की धरती है जेहाद की नहीं : योगी

जनता कनेक्शन

फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने (कांग्रेस वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद एवं उनकी भतीजी मारिया आलम नाम लिए बिना) कहा कि इन लोगों को भी मौका मिला था तो इन्होंने गरीबों के साथ दिव्यांगों के हकों पर डकैती डाली थी,वही अब वोट जेहाद की बात कर रहे हैं। भारत रामकृष्ण की धरती है, जेहाद की धरती नहींहै। मुख्यमंत्री ने फर्रुखाबाद जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भोजपुर विधानसभा के कस्बा कमालगंज के रामलीला मैदान में आज भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद मुकेश राजपूत के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले का भारत आप सभी ने देखा था, जो विश्व में अपना विश्वास खो चुका था, सभी जगह अराजकता, आतंकवाद नकारात्मकता से देश ग्रसित था। युवा पलायन कर रहा था, किसान आत्महत्या कर रहा था, भ्रष्टाचार चरम पर था, सभी प्रकार की अराजकताएं थी, यही लोग कर रहे थे ,जिन्हें भारत के लोकतंत्र पर भरोसा नहीं था, इन लोगों को भारत की प्रगति अच्छी नहीं लग रही थी। उन्होंने दावा किया कि 2014 के बाद भारत का दुनिया में सम्मान है, इस रूप में हम देखे जा रहे हैं,आज देश की सीमाएं सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि आज कहीं पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान अपनी सफाई देता है और कहता है कि इसमें मेरा हाथ नहीं है क्योंकि पाक जानता है कि नया भारत छेड़ता नहीं, और छेड़ दिया तो छोड़ता नहीं। उन्होंने बताया कि भारत में अस्सी करोड़ लोगों को फ्री राशन मिल रहा है, जबकि पाक के 24 करोड़ लोग भूखों मर रहे हैं। जो लोग जेहाद की बात उठते हैं उन्हीं के आकाओ ने देश का बंटवारा कराया। आज जेहाद की बात करके, देश के लोकतंत्र को कलंकित कर रहे हैं, यदि जेहाद से प्यार है तो भीख मांग रहे पाक के पास चले जाएं।

उन्होंने कहा कि आज देश में सुरक्षा और सम्मान का माहौल है, एक और मोदी जी हैं तो दूसरी ओर एससी,एसटी ओबीसी आरक्षण में सेंध लगाने वाले सपा बसपा कांग्रेस है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन जनता के हकों पर डंका डालने का कार्य कर रहा है। सपा- बसपा- कांग्रेस, देश में धर्म के नाम पर बंटवारा कराना चाहते हैं। इसी साजिश के तहत यह लोग जेहाद की बात कर रहे हैं। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी सांसद मुकेश राजपूत, विधायक नागेंद्र सिंह राठौर विधायक सुनील दत्त द्विवेदी, अपना दल विधायक डॉक्टर सुरभि, एमएलसी प्रियांशु दत्त द्विवेदी,जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, जिला प्रभारी महेश चंद दुबे लोकसभा प्रभारी अजय धाकरे, जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव आदि मौजूद रहे।



# 360 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज

जनता कनेक्शन

दिल्ली -एडीआर और 'द नेशनल इलेक्शन वाच% ने कुल 1717 उम्मीदवारों में से 1710 के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण किया है. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा. एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक कुल 360 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है. उम्मीदवारों की वित्तीय पृष्ठभूमि के मद्देनजर चौथे चरण के लिए तेलुगू देशम पार्टी के डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी सबसे अमीर उम्मीदवार हैं जिनकी कुल संपत्ति 5,700 करोड़ रुपये से अधिक है.

एडीआर के आंकड़ों के मुताबिक 360 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें से 17 उम्मीदवारों को विभिन्न मामलों में दोषी ठहराया गया है, 11 उम्मीदवारों पर हत्या से संबंधित मामले दर्ज हैं, 30 पर हत्या के प्रयास का आरोप है और 50 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित आपराधिक मामले दर्ज हैं जबकि पांच उम्मीदवारों पर दुष्कर्म के आरोप हैं

एडीआर के विश्लेषण से प्रमुख राजनीतिक दलों में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के बारे में जानकारी मिलती है.प्रमुख राजनीतिक दलों में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के तीन में से तीन उम्मीदवार, शिवसेना के तीन में से दो उम्मीदवार, भारत राष्ट्र समिति के 17 में से 10 उम्मीदवार, कांग्रेस के 61 में से 35 उम्मीदवार और भारतीय जनता पार्टी के 70 में से 40 उम्मीदवारों ने शपथपत्र में अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है.इसके अलावा तेलुगू देशम पार्टी के 17 में से नौ उम्मीदवार, बीजू जनता दल के चार में से दो उम्मीदवार, राष्ट्रीय जनता दल के चार में से दो उम्मीदवार, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के चार में से दो उम्मीदवार, वाईएसआरसीपी के 25 में से 12 उम्मीदवार, तृणमूल कांग्रेस के आठ में से तीन उम्मीदवार और समाजवादी पार्टी के 19 में से सात उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है.

# काले कानून के खिलाफ किसान प्रदर्शन करते रहे पर मोदी मिलने तक न गए :प्रियंका

जनता कनेक्शन

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो खुद महलों में रहते हैं और शहंशाह हैं वह मोदी 4000 किमी पैदल चले मेरे भाई को 'शहजादा' कहते हैं। श्रीमती वाड्रा ने गुजरात के बनासकांठा में शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा,卐प्रधानमंत्री मोदी मेरे भाई को शहजादा बोलते हैं। मैं बताना चाहती हूं कि मेरे भाई 4,000 किमी पैदल चले, देश के लोगों से मिले और उनसे पूछा कि आपके जीवन में क्या समस्याएं हैं। शहंशाह नरेंद्र मोदी जी महलों में रहते हैं तो किसानों और महिलाओं की मजबूरी कैसे समझ पाएंगे। वह सत्ता से घिरे हैं। उनके आस-पास के लोग उनसे डरते हैं और उन्हें कोई कुछ नहीं कहता है।अगर कोई आवाज उठा भी ले, तो उस आवाज को दबा दिया जाता है। उन्होंने कहा,卐प्रधानमंत्री की कार्यशैली देखिए। गुजरात ने श्री मोदी को सम्मान-स्वाभिमान दिया और उनको सत्ता दी लेकिन वे केवल बड़े-बड़े लोगों के साथ दिखते हैं। क्या आपने पीएम मोदी को किसी किसान से मिलते देखा है। किसान काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन करता है। सैकड़ों किसान शहीद होते हैं लेकिन प्रधानमंत्री उनसे मिलने तक नहीं जाते। फिर जैसे ही चुनाव आता है और उन्हें लगता है कि हमें वोट नहीं मिलेगा तब श्री मोदी कानून बदल देते हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा,एक जमाने में प्रधानमंत्री गांवों में जाते थे तो लोग अपना हक मांगते थे। मैं खुद राजीव गांधी जी के साथ जाती थी तो लोग उन्हें अपने काम के लिए डांट देते थे। तब ऐसी राजनीति थी।



# गठबंधन सरकार बनी तो खत्म कर देंगे अग्निवीर योजना :अखिलेश

जनता कनेक्शन

बदायूं। उत्तर प्रदेश की बदायूं लोकसभा सीट पर सहसवान विधानसभा क्षेत्र के कस्बा नाधा में आयोजित समाजवादी पार्टी की जनसभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार बदायूं की जनता और सहसवान विधानसभा के लोग रिकार्ड बनाकर जिताएंगे। यहां से सपा को ताकत मिलती है। गुन्नौर के बाद सबसे बड़ी जीत सहसवान विधानसभा से होगी। श्री यादव ने कहा कि 7 तारीख को जसवंत नगर में भी चुनाव है और बदायूं में भी अब देखना यह होगा कि जसवंत नगर के लोग ज्यादा वोटो से जिताते हैं या सहसवान के लोग । अब चाचा है तो आपको किसी से नहीं कहना पड़ेगा, चाचा बदायूं के हो गए हैं, अब सीधे-सीधे आपका काम होगा । उन्होंने दावा किया कि 07 तारीख को पड़ने वाला वोट भारतीय जनता पार्टी को सात समुंदर दूर फेंक देंगे, उनका सफाया कर देगा। पहले दूसरे चरण में जनता ने भारतीय जनता पार्टी को पलटी दी है तीसरे चरण के लोग इनका सफाया करने जा रहे हैं। अभी किसानों की लड़ाई खत्म नहीं हुई है। इंडिया गठबंधन ने तय किया है कि अपने किसानों को खुशहाल बनने के लिए सरकार बनने के बाद किसानों को एमएसपी का अधिकार दिलाने का काम करेंगे । बड़े-बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर दिया किंतु हमारे किसानों का कर्ज माफ नहीं किया । उन्होंने कहा कि इस सरकार ने पांच करोड़ से ऊपर वालों का कर्ज माफ किया , आज किसान मायूस है ।



## दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष लवली सहित पांच नेता भाजपा में शामिल

नयी दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली और राजकुमार चौहान तथा वरिष्ठ नेता नसीब सिंह, नीरज बसोया एवं अमित मलिक शनिवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए । भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी एवं सह प्रभारी संजय मयूख की उपस्थिति में पांचों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर तावड़े ने इन नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि एक ओर जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं, उस समय दिल्ली के ये दिग्गज कांग्रेस छोड़ कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत अभियान में शामिल हो रहे हैं।

## कार खाई में गिरी ,छह लोगों की मृत्यु

देहरादून । देहरादून -मसूरी मुख्य मार्ग पर घटित घटनाक्रम में मसूरी घूमने आए छात्र-छात्राओं की कार गहरी खाई में गिरने से चार छात्रों व दो छात्राओं कुल छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटनाक्रम के अनुसार देहरादून के डीआईटी व आईएमएस शिक्षण संस्थानों के छात्र व छात्राएं मसूरी घुमने के लिए आए थे। आज करीब सुबह 05.30 बजे कोतवाली मसूरी को सूचना मिली की झड़ीपानी से 100 मीटर ऊपर एक वाहन स?क से नीचे गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है, जिसमें कार सवार लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये है।

सूचना पर थाना मसूरी से पुलिस बल, फायर ब्रिगेड तथा एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुँची, तथा राहत एंव बचाव कार्य प्रारम्भ करते हुये वाहन में फंसे लोगो को बाहर निकाला गया। इस मौके पर एक एंडेवर वाहन संख्या च 07 क्ष्ठ 8600 दुर्घटनाग्रस्त होकर लगभग 60 मीटर नीचे दूसरी सड़क पर छत के बल गिरा हुआ था।

# बसपा प्रत्याशी जगन्नाथ पाल और रमेश पटेल ने दाखिल किया नामांकन पत्र

जनता कनेक्शन

प्रयागराज। इलाहाबाद लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी रमेश पटेल और फूलपुर से जगन्नाथ पाल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपना-अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया।

इससे पहले बसपा प्रत्याशी रमेश पटेल ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ के साथ उच्च न्यायालय के पास स्थित डा. अम्बेडकर मूर्ति स्थल पर बाबा साहेब को नमन करते हुए माल्यार्पण किया। फूलपुर प्रत्याशी जगन्नाथ पाल भी सहसों स्थित चुनावी केंद्रीय कार्यालय निकट विकास इंटर कॉलेज से निकलकर साहसो के गोल चौराहा स्थित छत्रपति शाहूजी महाराज की प्रतिमा पर और इसके बाद जुलूस के साथ उच्च न्यायालय चौराहा पहुंचकर बाबा साहब डा . भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद दोनो प्रत्याशियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर निर्वाचन कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया।

नामांकन दाखिल करने के बाद बसपा प्रत्याशी जगन्नाथ पाल और रमेश पटेल ने मीडिया से कहा कि देश हित में केंद्र में जनता बसपा की सरकार चाहती है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ सरकार बाबा साहेब के भारतीय संविधान को बदलने की कुचक्र रच रही है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश की सरकार पर पूंजीपतियों की सरकार होने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के शासनकाल में जनता महगाई से त्रस्त है, युवाओ के लिए सरकारी नौकरी खत्म कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जानता समाजवादी पार्टी ,भाजपा, कांग्रेस के शासन को देख चुकी है। अब देश की जनता सुश्री मायावती के नेतृत्व में केंद्र में बसपा की सरकार चाहती है। नामांकन के दौरान बसपा जिलाध्यक्ष आरबी त्यागी, विजय सरोज, घनश्याम पटेल, ज्ञान सिंह पटेल, साबिर सिद्दिकी, फैजी, चिन्तामणि वर्मा, प्रवीण भारती बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# टिकट कटने से नाराज सपा प्रत्याशी ने थामा भाजपा का दामन

जनता कनेक्शन

शाहजहांपुर । उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर लोक सभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) प्रत्याशी का आखिरी समय पर पर्चा खारिज होने और ज्योत्सना गौड़ को पार्टी से उम्मीदवार बनाने से नाराज राजेश कश्यप अपने समर्थकों के साथ शनिवार भाजपा कार्यालय पहुंच वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

समाजवादी पार्टी के नेता राजेश कश्यप ने 22 अप्रैल को अपना पर्चा दाखिल किया था। लेकिन शुरुआत से ही इस बात की चर्चा थी कि शाहजहांपुर लोक सभा सीट से सपा अपना प्रत्याक्षी बदल सकती है।आखिरी समय पर सपा से ज्योत्सना गौड़ ने पर्चा दाखिल करा दिया। राजेश कश्यप से सपा ने अपना सिंबल वापस ले लिया जिसके चलते उनका पर्चा खारिज कर दिया गया।हरदोई जिले की रहने बाली ज्योत्सना गौड़ अब सपा से प्रत्याक्षी है। श्री कश्यप ने कहा कि पार्टी हाई कमान के कहने पर मैं शाहजहांपुर में पिछले एक वर्ष से अपने समर्थको और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गांव गांव जाकर जनता के सामने सपा का प्रचार- प्रसार कर रहा था।

श्री कश्यप ने कहा कि नामांकन करने के बाद मेरे साथ धोखा कर टिकट काट दिया जिससे मुझे बहुत आघात पहुंचा और भाजपा में जाने का मन बना लिया था। आज अपने समर्थकों के साथ समाज वादी पार्टी छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।



# डिंपल यादव के लिए क्षेत्र में बेटी अदिति मांग रही है वोट

इटावा , उत्तर प्रदेश की यादवबेल्ट के तहत आने वाले मैनपुरी संसदीय क्षेत्र में आजकल %घर की बिटिया% खूब चर्चा में है। मैनपुरी सीट से डिंपल यादव समाजवाटी पार्टी की उम्मीदवार हैं, जो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी होने के साथ यहां की सांसद भी हैं। सपा प्रमुख अखिलेश और सांसद डिंपल की बेटी अदिति अपनी मां के लिए शहरी और ग्रामीण इलाकों में प्रचार कर रही हैं।

अदिति वोटर्स से अपनी मां को वोट देने की अपील कर रही हैं। 21 साल की अदिति लंदन के यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में पढ़ती हैं। वह दो महीने की छुट्टियों में भारत आई हैं। अदिति की मैनपुरी संसदीय क्षेत्र में मौजूदगी इलाके के लोगों के बीच चर्चा का विषय है। लंदन में राजनीति और इंटरनेशनल रिलेशंस की उनकी पढ़ाई इस



चुनाव प्रचार में उनके कितने काम आ रही है, यह फिलहाल बताना मुश्किल है लेकिन, उनकी अपील वोटर्स को खूब पसंद आ रही है। अदिति कहती है 卐 मैं आप लोगों के बीच आकर खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूं। सपा ने हमेशा किसानों और गरीब वर्ग के लोगों की लड़ाई लड़ी है। इसलिए आप लोगों को 7 मई को सपा के पक्ष में मतदान करने के लिए अपील करती हूं।卐

अखिलेश यादव की बेटी अदिति मां डिंपल के लिए सैफई ब्लॉक क्षेत्र मे पहली बार गांव गांव में घूम कर वोटो के लिए अपील कर रही है। उन्होंने ग्राम झिगूपुर,चौबेपुर,नगला सुभान मे गांव में नुक्कड़ सभाए कर लोगों से मिलकर सात मई को वोट करने की अपील की है। इस दौरान अदिति ने महिलाओं के बीच बैठकर के खूब फोटो कराकर रिझाने का प्रयास किया। वही महिलाओं एवं बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। नगला सुभान के प्रधान सुनील ठाकुर नें समर्थको के पगड़ी पहनकर स्वागत किया। झिगूपुर के प्रधान अभिषेक यादव, चौबेपुर के प्रधान पप्पू यादव,रनवीर सिंह यादव मास्टर, प्रधान संघ के अध्यक्ष राधा कृष्ण यादव,अमित शुक्ला पिडारी, अवधेश यादव, शिवचरन जाटव, विजय कठेरिया, विकास जाटव, अजय, मुकुट सिंह पूर्व प्रधान आदि मौजूद रहे।

## बाइक सवार पेड़ से टकराए दोनों घायल

सुमेरपुर हमीरपुर। थाना क्षेत्र के विदोखर मेंदनी से रोहरी गांव जा रहे बाइक सवार पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। चन्दपुरवा गांव निवासी मनोज कुमार अपने रिश्तेदार सिंधन कला जनपद बांदा निवासी बृजेश कुमार के साथ विदोखर मेदनी में रामबाबू श्रीवास के यहां चौथी कार्यक्रम में गए हुए थे।शुक्रवार की रात में यह दोनों बाइक से विदोखर से रोहारी जा रहे थे। तभी उनकी बाइक पेड़ से टकरा गई और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापति ने फोन कर एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस दोनों घायलों को पीएचसी लाई।

जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## दीवान का हार्टअटैक से निधन

राठ हमीरपुर। मुस्करा थाने के दीवान कंप्यूटर आपरेटर आलोक पांडेय का अचानक सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके निधन से पुलिस प्रशासन में शोक की लहर दौड़ गई। झांसी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।



इटावा निवासी आलोक पांडेय (35) कंप्यूटर पद पर पिछले पांच साल पहले राठ कोतवाली में तैनात रहे। इसके बाद उनका स्थानांतरण हमीरपुर हो गया। करीब डेढ़ साल से वह मुस्करा थाने में तैनात थे। उनका परिवार राठ कोतवाली के सरकारी आवास में रहता था। शनिवार की सुबह अचानक आलोक की तबियत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद स्टाफ के पुलिस कर्मी और कोतवाल उमेश कुमार सीएचसी ले गए। जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। जहां उनका निधन हो गया। कोतवाल उमेश कुमार सिंह ने बताया कि पूरे सम्मान के साथ उनके गांव में अंतिम संस्कार किया जाएगा। मृतक अपने पीछे एक पुत्र छोड़ गया है। दीवान की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था।

## पहले मतदान बाद में जलपान का नारा लगाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

कुरारा हमीरपुर। विकासखंड क्षेत्र के पारा गांव में पहले मतदान बाद में जलपान का नारा लगाते हुए बीडीओ के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीण को जागरूक किया। क्षेत्र के पारा गांव में शनिवार को खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें पहले मतदान बाद में जलपान का नारा लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मत का सभी लोग बढ़ चढ़कर प्रयोग करें। जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ सके। मतदाता जागरूकता रैली में सचिव बलजीत, आजीविका मिशन के प्रदीप कुमार, आंगनबाड़ी, आशा, एएनएम आदि मौजूद रहे।

## आग से लकड़ी और भूसा हुआ स्वाहा

सुमेरपुर हमीरपुर। क्षेत्रीय ग्राम मवईजार में बीती रात 8बजे खाना बनाते समय आग लग जाने से किसान का लकड़ी और भूसा जल गया, दमकल मशीन मौके तक नहीं पहुंच पाई तब गांव के लोगो ने आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेश यादव के गैर रियायशी मकान में शुक्रवार की रात खाना बनाते समय आग लग गई, जब तक आग बुझाने का प्रयास किया गया तब तक आग भूसा में प्रवेश कर गई तो उसे सम्हाल पाना मुश्किल हो गया, देखते ही देखते आग से उस मकान में रक्खा भूसा और लकड़ी खाक हो गई, सूचना पाकर दमकल मशीन गांव तक पहुंची किंतु नमामि गंगे योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गांव के रास्ते वाहन निकलने लायक न होने से दमकल मशीन मौके तक नहीं पहुंच सकी, तब तक ग्रामीणों ने मिलकर आग को काबू में कर लिया था। आग से किसान का काफी नुकसान हुआ है।

## बाइक की टक्कर से बालिका घायल

सुमेरपुर हमीरपुर। सुमेरपुर के धर्मेश्वर बाबा मुहाल में सायकिल से जा रही एक बालिका को बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर कुमकुम 10 वर्ष पुत्री बीरबल तिवारी निवासी धर्मेश्वर बाबा मुहाल सायकिल से पास में ही अपने दादी के घर जा रही थी तभी पंधरी से सुमेरपुर की तरफआ रहे एक बाइक चालक ने पीछे से साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बालिका सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की अनोखी पहल

जनता कनेक्शन

जालौन । उत्तर प्रदेश के जालौन में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने अपने हाथों में तरह-तरह के स्लोगन लिखकर के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया इस अनोखी पहल की चर्चा बनी हुई है।जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडे ने बताया क्योंकि आंगनबाड़ी कार्यकतिया ग्राम पंचायत स्तर पर अपने कार्यक्रम चलाती हैं इसलिए इनके माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने-अपने हाथों में मेहंदी से तरह-तरह की स्लोगन लिखकर मतदाताओं को प्रेरित करने का निर्देश दिया था। निर्देशों के अनुपालन में आज जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपने-अपने हाथों में मेहंदी से आकर्षक स्लोगन लिखकर मतदाताओं



को मतदान के लिए प्रेरित किया ।

गौरतलब है कि जनपद जालौन में जालौन गरौठा भोगनीपुर सीट के लिए 20 मई को मतदान होना है जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए अन्य और प्रयास भी किए जाएंगे मतदान करने के लिए अनोखे तरीके से आंगनवाड़ी महिला कार्यकत्रियों के हाथों में मेहंदी से मतदाता जागरूकता के संदेश लिखकर प्रेरित किया गया।

सभी महिला कर्मचारियों के हाथों में मतदाता जागरूकता के विभिन्न संदेश जैसे 20 मई वोट करो, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, जन-जन की यही पुकार वोट डालो अबकी बार, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे अनेक संदेश लिखकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडे ने बताया मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद में व्यापक स्तर पर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिले में महिला एवं बाल विकास की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, द्वारा 20 मई को लोकसभा निर्वाचन में अधिक मतदान हो इसके लिए स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## हमीरपुर में शत-प्रतिशत मतदान के लिए बनी स्वीप कार्यक्रमों की रणनीति

हमीरपुर ब्यूरो। हमीरपुर राहुल पाण्डेय जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी हमीरपुर एवं चन्द्र शेखर शुक्ला मुख्य विकास अधिकारी व नोडल अधिकारी स्वीप जनपद हमीरपुर के निर्देशन में कल्पवृक्ष सभागार विकास भवन हमीरपुर में जनपदीय अधिकारियों व स्वीप कमेटी की बैठक आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला ने सभी विभागों द्वारा चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा आगामी दिनों में प्रत्येक मतदाता तक पहुंच बनाने की रणनीति साझा की। स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा आगामी दिनों में प्रत्येक मतदाता तक पहुंच बनाने की रणनीति साझा की। हमीरपुर में सभी वोटर्स को जागरूक करने हेतु सभी अस्पतालों,मेडिकल स्टोर्स, पैथोलॉजी के पर्चे पर मोहर लगेगी, उसके साथ ही पेट्रोल पंप,गैस सिलेंडर व पर्ची, कोटेदार,



विद्यालयों, दुकानों, मिठाई के डिब्बे,झोलों,व औद्योगिक क्षेत्र में भी सेल्फी प्वाइंट ,बैनर तथा पत्रों में मोहर लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।

इस अवसर पर अजीत कुमार श्रीवास्तव जिला विकास अधिकारी साधना दीक्षित परियोजना निदेशक आलोक सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डीपीआरओ पदभिहीत अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ड्रग इंस्पेक्टर जिला पूर्ति अधिकारी व शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी तथा व्यापार मंडल के अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर हमीरपुर ने किया।

## प्राइवेट स्कूलों में जाकर आरटीई के माध्यम से होने वाले दाखिले की संख्याओं में बढ़ोतरी होगी: आलोक मिश्रा

कानपुर । कानपुर नगर लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने मालिन बस्तियों में जनसंपर्क किया मलिन बस्ती के लोगों ने फूल माला पहनकर स्वागत कर कहा कि शिक्षा का बड़ा अभाव है हम बस्ती वालों के पास तो रहने को छत नहीं खाने को रोटी नहीं तन पर कपड़ा नहीं नेता आते हैं बड़े-बड़े वादे करके चले जाते हैं लेकिन गरीब का दर्द कोई नहीं समझता तमाम सरकार आती हैं योजनाएं आती है लेकिन हम लोग की बस्तियों में समस्याओं का अंबार है निर्दलीय आलोक मिश्रा ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में आने वाले समस्त प्राइवेट स्कूलों में जाकर आरटीई के माध्यम से



होने वाले दाखिलों की संख्या को बढ़ाकर आने वाले समस्त खर्च मेरे होंगे क्योंकि मेरे क्षेत्र का प्रत्येक बच्चा मेरे देश का भविष्य है

## पति के साथ कस्बे आ रही महिला के साथ की मारपीट

मौदहा हमीरपुरै। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए दबंगो पर गाली गलौज व जान से मारने की शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। मौदहा क्षेत्र के ग्राम गहरौली खुर्द निवासी संध्या पत्नी राकेश ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने पति के साथ ऑटो से मौदहा आ रही थी। तभी रास्ते मे रोककर गांव के ही रज्जू उर्फमहेश पुत्र भूरा व पुष्पेन्द्र पुत्र रज्जू ने अकारण गाली गलौज शुरू कर दिया। विरोध करने पर दोनों मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर पीडिता को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है।

## फ्रॉड ट्रांजेक्शन से गई धनराशि वापस मिलने से पीड़ित का खिला चेहरा

कन्नौज: जनपद कन्नौज में साइबर फ्रॉड अपराध की रोकथाम के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार के मार्गदर्शन में जनपदीय थाना साइबर क्राइम टीम के द्वारा पीड़ित से फ्रॉड की गयी धनराशि 24,887 रुपये को पीड़ित के खाते में वापस करवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार शरद कटियार निवासी ग्राम भवानीपुर प्रताप थाना कन्नौज जनपद कन्नौज को अज्ञात कॉलर ने अपने आपको आवेदक का परिवारी सम्बन्धी बताकर किसी अप्रिय घटना का हवला देते हुए फ्रॉड ट्रांजेक्शन किया जिसकी शिकायत जनपदीय थाना साइबर क्राइम में दी थी। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जनपदीय थाना साइबर क्राइम द्वारा सम्बंधित बैंक एवं इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित कर कार्यवाही करते हुए पीड़ित के फ्रॉड गई धनराशि 24,887 रुपये वापसी करायी गयी।

# गांव मे वोट के लिये पहुंचे बीजेपी विधायक के खिलाफ लगे मुर्दाबाद के नारे

### कन्नौज जिले के तिर्वा कोतवाली के गांव बरुआ हार का मामला, नारेबाजी करते हुये ग्रामीणों का वीडियो वायरल

कन्नौज। जिले के एक गांव मे विकास कार्य ना होंने से आहत कुछ ग्रामीण बीजेपी विधायक के खिलाफ सड़क पार उतर आये हैं। ग्रामीणों ने विधायक के खिलाफ मुर्दाबाद की नारे भी लगाये। जिसके बाद यहां वोट के लिये जनसंपर्क को पहुंचे विधायक जी को उल्टे पांव वापस लौटना पड़ा। उपरोक्त मामले मे गांव के ग्रामीणों का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। हांलाकि विधायक जी के खिलाफ इस प्रदर्शन को लेकर उनके एक जनप्रतिनिधि ने उपरोक्त मामले को सिरे से नकार दिया। उनका कहना था कि गांव मे एक परिवार विधायक का विरोधी है और केबल उसी ने सोंची समझी रणनीति के तहत विधायक पर मनगडंत आरोप लगाये हैं। वहीं गांव मे भी कोई ग्रामीण ऐसा नहीं मिला जो मामले को लेकर कुछ भी कहने को तैयार हो।अब सच क्या है ये तो बीजेपी के लोग जाने और गांव की जनता।

बताते चलें कि कन्नौज जिले की कोतवाली तिर्वा के गांव बरुआहर मे बीती रात एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो मे कुछ ग्रामीण तिर्वा से बीजेपी विधायक कैलाश राजपूत के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आ रहे हैं। बताया गया कि गांव मे बिजली को लाइट लगवाने को लेकर समस्या से ग्रामीण परेशान थे। बीती सायं जब बीजेपी विधायक राजपूत गांव मे कन्नौज लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी के लिये बोट के लिये जनसंपर्क करने पहुंचे तो गांव के ग्रामीणों ने नारेबाजी शुरू कर दी। वीडियो मे ग्रामीण विधायक मुर्दाबाद के नारे लगाते हुये नजर आ रहे हैं।इसके बाद यह भी पाया चला है कि, ग्रामीणों के विरोध को देखते हुये विधायक जी को गांव से उल्टे पांव ही वापस लौटना पड़ा।उपरोक्त संधर्व मे विधायक के एक जनप्रतिनिधि एवम तिर्वा नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि सौरव गुप्ता से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि राजनेता कोई भी हो कुछ ना कुछ विरोध होना तो हर जगह का आलम है। उनका कहना था कि तिर्वा विधान सभा में हर जगह



विधायक निधि से बिकास कार्य कराये गये हैं। कुछ छोटी छोटी समस्याएं हैं भी तो उनको जल्द दूर कराया जायेगा।गांव के ग्रामीणों की ओर से की जा रही नारेबाजी के विषय मे सौरव ने बताया कि उपरोक्त गांव मे एक परिवार विधायक जी का विरोध करता रहा है।उसके द्वारा ही जानबूझकर विधायक जी को बदनाम करने का प्रयास किया गया है।गांव मे ग्रामीणों से मुलाकात के बाद सौरव ने बताया कि गांव का कोई भी ग्रामीण विधायक जी से असंतुष्ट नहीं है और ना ही किसी प्रकार से कोई विरोध किया जा रहा है।बीजेपी के एक अन्य जनप्रतिनिधि बताते हैं कि विधायक जी की कार्यशैली से तिर्वा विधान सभा की जनता अच्छी तरह वाकिफ है। अभी चंद रोज पहले तिर्वा के ही गांव मनीपुर्वा उससे पहले इंदरगढ़ क्षेत्र के रामपुर मझिला मे भी विधायक का ग्रामीणों ने जोरदार विरोध किया था।नगर पंचायत का हाल ही मे चुनाव लड़ चुके जनप्रतिनिधि बताते हैं कि जब काम नहिं हुआ है तब ही ग्रामीण विरोध करते हैं। 5 साल उम्मीदों से गई और शहर के लोग अपना जनप्रतिनिधि चुनते हैं। उनको यह उम्मीद होती है कि हमारा चुना गया जनप्रतिनिधि या विधायक हमारे गांव शहर को बेहतर बनाएंगे और बिकास कराएंगे।जब 5 सालों मे लोगों को अपने उस जनप्रतिनिधि से निराशा हांथ लगती है तो वह विरोध करते हैं। विरोध करना भी चाहिए क्यूं कि यह जनता का अधिकार है।उनका कहना था कि इस समय अधिकतर गांवों मे बीजेपी विधायक का विरोध हो रहा है अगर कहीं का वीडियो वायरल हो जाता है तो मामला खुल जाता है और अगर नहीं हो पाता तो लोगों की नजर मे जनप्रतिनिधियों की हकीकत सामने नहीं आ पाती है।फिलहाल कुछ भी हो वायरल वीडियो जांच का विषय है। कि आखिर सच क्या है और झूठ क्या।फिलहल गांव मे ग्रामीण कुछ भी कहने को तैयार नहीं हैं।विधायक जी से संपर्क किया गया तो उनका फोन नॉट रिचेवल आ रहा था।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रेम प्रसंग में युवक की गोली मार कर हत्या

फर्रुखाबाद । उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के मामले में, मक्का की रखवाली कर रहे युवक की गोली मारकर हत्या कर दी और अज्ञात हत्यारे फरार हो गए।

पुलिस ने शनिवार को प्रथम दृष्ट्या बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला बहादुर का निवासी सनोज (25) का प्रेम प्रसंग किसी लड़की के साथ चल रहा था। इसी प्रेम प्रसंग के दौरान शुक्रवार -शनिवार रात्रि में गांव से कुछ दूर पर मक्का के खेत की रखवाली कर रहे, सनोज की किन्हीं अज्ञात हत्यारों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की तथा मतृक युवक के शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ भेज दिया ।

## किशोरी को अगवा करने का मुकदमा दर्ज

खागा/फतेहपुर । किशुनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी को देवी का डेरा, जलंधरपुर निवासी बुद्धू निषाद मंगलवार की शाम बहला-फुसलाकर अगवा कर ले गया। किशोरी के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुत्री को अगवा किया गया है। थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। अगवा किशोरी की तलाश की जा रही है।

## जयंत ने संभल जनसभा कर भाजपा के लिए की वोट की अपील

संभल। संभल लोकसभा क्षेत्र की संभल विधानसभा के हजरत नगर गढ़ी में आयोजित राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की जनसभा में संभल से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने सहभागिता कर क्षेत्र में उपस्थितजनों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में जयंत चौधरी ने अपार जन समूह को संबोधित करते हुए मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजना के बारे में अवगत कराने के साथ ही आगामी 7 मई को होने वाले चुनाव में जनता से भाजपा को वोट देकर संभल से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के साथ जयन्त चौधरी राष्ट्रीय लोकदल राष्ट्रीय अध्यक्ष,राजेश सिंघल जी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, अब्बास अली राष्ट्रीय लोकदल जिला अध्यक्ष, अनिल चौधरी पूर्व प्रत्यशी बिलारी विधान सभा, चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू जी जिला अध्यक्ष भाजपा, भीष्म शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष, मंजू चौधरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अंजू चौधरी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, विष्णु जी मंडल अध्यक्ष सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## परामर्श केंद्र में दम्पत्ति के बीच हुआ समझौता

चन्दौसी/बहजोई।पुलिस अधीक्षक की देखरेख में चलाई जा रहे पुलिस परिवार परामर्श समझौता केंद्र की मीटिंग सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया जहां 39 पत्रावली सुनकर 13 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा पांच परिवारों को मिलाया गया तथा चार पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवं चार पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद की गई इस अवसर पर काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय संगीता भार्गव पूनम अरोड़ा कंचन महेश्वरी बबीता शर्मा श्वेता गुप्ता सीमा आर्य शाजिया खान एवं उप निरीक्षक ओम प्रकाश तथा कांस्टेबल रश्मि गहलोत शहजाद मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

## संभल में दो दिनों तक बंद रहेगी शराब की दुकाने

संभल/चन्दौसी/बहजोई। संभल आबकारी विभाग ने आने वाले दो दिनों तक शराब दुकानों को बंद करने का निर्णय लिया है। चुनाव को देखते हुए 5 मई से 7 मई शाम 6 बजे तक शराब की बिक्री पर रोक लगा रहेगा। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान को लेकर संभल में निर्वाचन आयोग ने तैयारियां पूरी कर रखी है। संभल में 7 मई को तीसरे चरण का मतदान सुबह 7बजे से शाम 6बजे तक मतदान होगा। इससे पहले 5 मई को शाम 6बजे से चुनावी शोर थमेगा। इसके साथ ही संभल आबकारी विभाग ने दो दिनों तक शराब दुकान को बंद करने का निर्णय लिया है। 5 मई शाम 6बजे से ही जिले की सभी शराब दुकाने और बार 7मई शाम 6बजे तक बंद रहेंगे।

## प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ पर मतदाता बैठक कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की करे अपील:धर्मपाल सिंह

चन्दौसी।शनिवार को बदायूं रोड स्थित ओएलएफ़ में भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह रहे उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वह पार्टी है जिसकी बूथ संरचना बहुत सक्रिय रहती है जिसमें शक्ति केंद्र से लेकर बूथ अध्यक्ष तक अपने कार्य को पूरी लग्नता और सुचारू रूप से करता है। अब चुनाव का समय बहुत नजदीक है इसलिए हमें प्रत्येक बूथ पर मतदाता बैठक की जाए और मोदी के पत्रक को लेकर प्रत्येक घर घर जाकर उन्हें मोदी द्वारा किए गए कार्य को बताएं और शतप्रतिशत मतदान कराने के लिए बूथ पर विशेष संरचना बनाकर अधिक से अधिक मतदान कराकर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का कार्य करें। बैठक का संचालन विधानसभा संयोजक विनोद कुमार बिन्नी ने किया। आज की बैठक में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, राज्यमंत्री जसवंत सैनी,आदि रहे।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है मतदाताओं को मतदान कराना :हरीश कटेरिया

चन्दौसी। श्री नारायण सेवा समिति, चंदौसी के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता शिविर आज प्रात: काल श्श्री अक्रूर जी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का बहुत महत्व है अत: सभी विद्यार्थी अपने परिवार, आसपास के क्षेत्र एवं समाज के अन्य लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करें । मुख्य वक्ता डॉ. टी. एस. पाल ने कहा कि जिस प्रकार से विद्यार्थियों की साल भर की पढ़ाई के बाद परीक्षा होती है उसी प्रकार चुनाव और मतदान भी लोकतंत्र का परीक्षण है । समिति के प्रबंधक हरीश कठेरिया एड. ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया और मतदान की जानकारी रखते हुए उसमें सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें । इस दौरान विद्यार्थी अपने हाथों में श्सबसे पहले मतदान जरूरी, तब होगी अभिलाषाएं पूरी ;प्रजातंत्र का यह कार्य महान, उठो, जागो और करो मतदान ;काम छोड़ करो मतदान, प्रजातंत्र का है वरदान ;केवल खुद ना करें मतदान, औरों को भी देवें यह ज्ञानश् ;मतदान के दिन न लो आराम, मत से बन जाते नए आयाम ;प्रजातंत्र की यह सुंदर रचना, मतदान से न चाहिए बचनाश...आदि प्रेरक स्लोगन लिखी हुई पट्टिकायें लिए हुए थे । हरीश कठेरिया एड. ने सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई ।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय, डॉ. जयशंकर दुबे तथा नितेश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे विद्यालय के स्टाफ से सुधा सरोज, डॉ. ममता चौधरी, सीता रानी, अफशा इदरीश, गिरिजा देवी, डॉ. निशा यादव, रिचा वर्मा, शिवानी, किरण राव एवं निधि अग्रवाल शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं ।

## दहेज उत्पीड़न पर पति समेत छह पर मुकदमा

खागा/फतेहपुर । खखरेरू थाना क्षेत्र के जहांगीर नगर गहुरे गांव मोहम्मद मुजाहिद हुसैन अतिरिक्त दहेज के लिए मारपीट कर अपनी पत्नी को घर से निकाल दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपित पति समेत छह ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित महिला ने बताया कि 19 फरवरी 2022 को उसकी शादी जहांगीर नगर गहुरे निवासी मोहम्मद मुजाहिद हुसैन के साथ हुआ। शादी के कुछ माह तक सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा। बाद में पति व सास नजमा बानो, ससुर हनीफ नंद चांदनी, बानो, जेठ रहमान खान, शैलानी खान, उसे अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपए की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि उन्होंने मानसिक उत्पीड़न कर उससे मारपीट शुरू कर दी। मायके वालों ने ससुरालियों को समझाया, लेकिन वे नहीं माने। 28जनवरी 2023 को मारपीट कर उसे घर से निकालने के बाद वह मायके में रहने लगी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया कि विवेचना की जा रही है।

## एक माह बाद भी नही हो पाई फसल तौल की

कुरारा, हमीरपुरै। स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समित में संचालित दलहन तिलहन खरीद केंद्र में एक माह से संचालित होने के बाद भी एक भी किसान की तौल नही हो पाई है।इसके चलते दलहन तिलहन की फसल व्यापारियों को बिक्री करने पर मजबूर हो रहे हैं। यह सरकारी केंद्र शो पीस बनकर रह गया है। कस्बे के कृषि उत्पादन मंडी समित में दलहन तिलहन की खरीद के लिए पीसी एफकृषक सेवा केंद्र में सरकारी दर पर चना मसूर सरसो की खरीद करने की व्यवस्था की गई है। यह केंद्र दो अप्रैल से संचालित हो गया था।

